Need to accord permission for speedy construction of a bridge in Sheohar Parliamentary Constituency-Laid

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के परनहिया प्रखण्ड के अदौरी घाट से खोरीपाकर पूर्वी चम्पारण जिला को जोड़ने वाली बागमती नदी पर पुल निर्माण की मांग दशकों से लम्बित है । पुल के निर्माण से दोनों जिलों की दूरी काफी कम हो जायेगी और करीब 4-5 लाख की आबादी को सीधे लाभ मिलेगा, साथ ही सीतामढ़ी जिला भी पूर्वी चम्पारण से जुड़ जायेगा और उसकी भी दूरी कम हो जायेगी । इस पुल के निर्माण के लिये स्थानीय लोगों द्वारा दशकों से आन्दोलन एवं सत्याग्रह जारी है । संसद में भी इसकी मांग बराबर होती रही है । अदौरी गांव (शिवहर) एवं खोरीपाकर (पूर्वी चम्पारण) के बीच मात्र 2-3 किलोमीटर की दूरी है और बीच में दो नदियां बागमती और लात बकिया गुजरती हैं । पुल के बन जाने से शिवहर सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण की दूरी काफी कम हो जायेगी और साथ ही सीतामढ़ी का जानकी धाम और अयोध्या का सम्पर्क सीधा जुड़ जायेगा ।

अतः मैं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करती हूँ कि केन्द्र सरकार इस पुल के निर्माण के लिये जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करे ।